हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 02 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा और चंडीगढ़ में आज विशावकर्मा जयंती पूरी श्रद्धा के साथ मनायी जा रही है ।प्रदेश की औद्योगिक नगरी पानीपत और फ़रीदाबाद में इस त्योहार को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।पानीपत से हमारे संवाददाता ने बताया है कि हथकरघा कारीगरों, फैक्टरी,कम्पनियों में काम करने वाले श्रमिको द्वारा विश्वकर्मा जयंती भक्ति भाव और हर्षोल्लास से मनाई जा रही है ।श्रमिको द्वारा औजार,मशीनों की साफ सफाई की गई और भगवान विश्कर्मा का पूजन किया गया । मान्यता है कि इस दिन सृष्टि के रचयिता ब्रहमा जी के सातवें पुत्र भगवान विश्वकर्मा का जन्म हुआ था।

****

पंचकूला स्थित गुरुद्वारा श्री नाडा साहिब में आज दीपावली व बंदी छोड़ दिवस बहुत हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जा रहा है। गुरुद्वारा श्री नाडा साहिब के हेड ग्रंथी जगजीत सिंह ने बताया कि नानकशाही कैलेंडर के अनुसार पहली नवंबर का दिन ही दीपावली व बंदी छोड़ दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। आज के दिन हजारों की गिनती में श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा श्री नाडा साहिब में पहुंचकर माथा टेका व देश एवं प्रदेश की तरक्की के लिए दुआएं मांगी। लोगों ने गुरुद्वारा नाडा साहिब में गुरबाणी का कीर्तन श्रवण किया । कथा वाचक रागी , ढाढी सिंगों ने संतो को गुरबाणी के साथ जोड़ा । दीपावली के अवसर पर गुरुद्वारा श्री नाडा साहिब को रंग बिरंगी रोशनियों और फूलों से सजाया गया है ।

****

वस्तु और सेवा कर-**जी.एस.टी**. का राजस्व संग्रह अक्तूबर माह में 9 प्रतिशत बढ़कर एक लाख 87 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया। जी.एस.टी. के राजस्व संग्रह में यह दूसरी रिकॉर्ड सर्वाधिक बढ़ोतरी है। घरेलू बिक्री और बेहतर अनुपालन के कारण यह वृद्धि दर्ज की गई है। अक्तूबर माह में केन्द्रीय जी.एस.टी. के रूप में 33 हजार आठ सौ 21 करोड़ रुपये, राज्य जी.एस.टी. के रूप में 41 हजार आठ सौ 64 करोड़ रुपये और एकीकृत जी.एस.टी. 99 हजार एक सौ 11 करोड़ रुपये तथा उपकर बारह हजार पांच सौ 50 करोड़ रुपये एकत्र हुए। कुल सकल जी.एस.टी. राजस्व संग्रह आठ दशमलव नौ प्रतिशत से बढकर एक लाख 87 हजार तीन सौ 46 करोड़ रुपये हो गया।

****

रेल विभाग ने छठ पूजा व त्यौंहारों के मौसम को देखते हुए विशेष रेलगाड़ियां चलाई हैं। रेलवे द्वारा भीड को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध भी किए गए हैं।अंबाला रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि कल एक विशेष रेलगाड़ी बिहार के लिए रवाना हुई। उन्होंने बताया लगभग 50 से ज्यादा विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कल विशेष रेलगाड़ियां बिना सीट आरक्षण भेजी गई है। यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।उन्होंने बताया कि कल शाम को लुधियाना से सहरसा के लिए रवाना हुई तथा आज चंडीगढ़ से बिहार के लिए रेलगाड़ी रवाना की जा रही है।वहीं यात्रियों ने रेल विभाग

द्वारा की गई व्यवस्था की सराहना की है। यात्रियों ने आकाशवाणी समाचार से कहा कि त्यौंहारों के दिनों में रेलगाडियों में भीड़ ज्यादा रहती है। ऐसे में सीट आरक्षित नहीं हो पाती अनारक्षित रेलगाड़ियां चलने से उन्हें राहत मिली है। अब वह छठ पूजा पर अपने घर अवश्य पहुंच सकेंगे रेलयात्रियों ने रेलवे के साथ साथ सरकार का भी आभार प्रकट किया ।

****

फोगाट खाप ने कल हरियाणा दिवस पर खाप के तहत आने वाले गांवों को सर्वजातीय प्रतिभाओं को सम्मानित किया। चरखी दादरी में स्वामी धाम पर आयोजित कार्यक्रम में खाप प्रतिनिधियों ने विभिन्न की प्रतिभाओं राष्ट्रीय और अंतरास्ट्रीय खिलाडियों को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया। खाप प्रतिनिधियों ने कहा कि इस वर्ष हरियाणा दिवस पर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है ताकि इन प्रतिभाओं प्रोत्साहित किया।

****

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने युवाओं से प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2022-23 के लिए आवेदन करने की अपील की है। ये पुरस्कार 15 से 29 वर्ष की आयु के व्यक्तियों तथा संगठनों को विकास और समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य तथा योगदान के लिए दिए जाते हैं। इन क्षेत्रो में स्वास्थ्य, मानवाधिकार को बढ़ावा देना और समुदायिक सेवा शामिल हैं। पुरस्कार के रूप में व्यक्ति को पदक, प्रमाण-पत्र और एक लाख रूपये नकद तथा संगठन को पुरस्कार के रूप में तीन लाख रूपये नकद दिए जाते है। एक वीडियो संदेश में डॉक्टर मांडविया ने कहा कि ये पुरस्कार केवल अंलकरण मात्र नहीं हैं, बल्कि प्रगतिशील और समावेशी भारत को मजबूत करने में युवा नेतृत्व का सम्मान हैं।2022-23 के राष्ट्रीय युवा पुरस्कारों के लिए आवेदन गृह मंत्रालय के पुरस्कार पोर्टल के जरिए आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 15 नवम्बर तक किया जा सकता है।